## MOTION FOR ELECTION TO THE ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Now, motion for election to the All India Council for Technical Education, Shri S.R. Bommai. (*Interruptions*)

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): He is just outside.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA (Delhi): It is very surprising that the Minister is standing outside.

SHRI SATISH AGARWAL (Rajasthan): He has been assigned the job of seeking Laloo's resignation.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Motion for election to the All India Council for Technical Education, Shri S.R. Bommai.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S.R. BOMMAI): I move:

> "That in pursuance of the provisions contained in Clause (J) of Sub-Section (4) of Section 3, read with Sub-Section (1) of Section (4) of the All India Council for Technical Education Act, 1987 (52 of 1987), this House do proceed to elect, in such manner as the Chairman may direct, one member from among the Members of the House, to be a member of the All India Council for Technical Education."

The question was put and the motion was adopted.

## ANNOUCEMENT RE: GOVERNMENT BUSINESS FOR THE WEEK COMMENCING 28th JULY, 1997

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Madam, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Monday, the 28th July, 1997 will consist of:

1. Consideration and passing of the Coast Guard (Amendment) Bill, 1996
2. Discussion on Resolution regarding rejection of the Award given by the Board of Arbitration in CA Reference No. 1 of 1991 under the JCM Scheme.
3. Consideration and passing of the Payment of Gratuity (Amendment) Bill, 1997.
4. Consideration and passing of the Private Security Guards and Agencies (Regulation) Bill, 1994.
5. Consideration and passing of the Export-Import Bank of India (Amendment) Bill, 1997 as passed by Lok Sabha.
6. Consideration and passing of Insurance Regulatory Authority Bill, 1996 as passed by the Lok Sabha.
7. Discussion on the Statutory Resolution seeking disapproval of the out-of-turn allotment of Government Residences (Validation) ordinance, 1997 and consideration and passing of the Out-of-turn allotment of Government Residences (Validation) Bill, 1997 as passed by the Lok Sabha.

## RE. LAW AND ORDER SITUATION IN BIHAR

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे): मल्होत्रा जी, आप कुछ कहना चाहते थे।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली): महोदया, मैं यह कहना चाहता था कि बहुत सीरियस हालात हो गये हैं। बिहार के चीफ मिनिस्टर की बेल ऐप्लीकेशन रिजैक्ट हो गयी। सी॰बी॰आई॰ ने कहा है कि उनको हम अरैस्ट

करने जा रहे हैं। प्राइम मिनिस्टर ने चार बार उनसे कहा है कि आप रिज़ाइन कर दो। अभी कैबिनेट ने इनफार्मल मीटिंग में पास किया कि he should resign. But, he has resfused to resign. ...(*Interruptions*)... और वह रिज़ाइन नहीं कर रहे हैं तथा वहां पर कांस्टीट्यूशनल मशीनरी पूरी तरह से खत्म हो गयी है, टूट गयी है। प्राइम मिनिस्टर ने कितनी बार कहा और कल यह कहा है कि मैं जल्दबाजी में कदम नहीं उठाना चाहता। आप कब कदम उठाएंगे? जब बिहार के अंदर गड़बड़ हो जाएगी ..(व्यवधान)..

**श्री नागमणि** (बिहार): पहले महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लागू करिए, फिर बिहार की बात करेंगे। ..(व्यवधान)..

**श्री रामदेव भंडारी:** (बिहार): महाराष्ट्र में दलितों का खून बह रहा है। .. (व्यवधान)..

SHRI SATISH AGARWAL (Rajasthan): The CBI has stated in the Patna High Court that he has looted the treasury. ...(*Interruptions*)... It is not only a crime against the State but a crime against the nation.

**श्री नागमणि:** महाराष्ट्र में बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति का खंडन कर अपमान किया गया और यह बिहार की बात करते हैं। ..(व्यवधान)..

**प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा:** हाई कोर्ट में कहा गया कि हम अरैस्ट करने जा रहे हैं कौन रोक रहा है? ...(व्यवधान).. What are you Waiting for? ...(*Interruptions*)...
कौन रोक रहा है? ..(व्यवधान)..

**श्री नागमणि:** महाराष्ट्र में बहुत बुरे हालात हैं, वहां जनता का खून गलियों में बह रहा है और आप बिहार की बात करते हैं ...(व्यवधान)..

**श्री रामदेव भंडारी:** बिहार में लॉ ऐंड ऑर्डर पूरी तरह से कंट्रोल में है। ..(व्यवधान)..

SHRI SATISH AGARWAL (Rajasthan): It is a fit case for his detention under TADA. ...(*Interruptions*)...

**उपसभाध्यक्ष** (कुमारी सरोज खापर्डे): भंडारी जी, जरा बैठेंगे आप, सिकंदर बख्त साहब कुछ कहना चाहते हैं। ...(व्यवधान)..

**श्री सिकंदर बख्त (विपक्ष के नेता)):** मैं खाली इतना ही कहना चाहता हूं कि एक सवाल उठाया गया है तो गवर्नमेंट से मेरी दरख्वास्त है कि उस सवाल के संबंध में रिऐक्ट करे। Nobody seems to be bothered about it. गवर्नमेंट रिऐक्ट करे, यह मेरी दरख्वास्त है।

**प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा:** कब रिऐक्ट कर रहे हैं? कब डिसमिस कर रहे हैं? The Prime Minister is in charge of the CBI. ...(*Interruptions*)...

**श्री नागमणि:** जो मामला कोर्ट में चल रहा है, उसके बारे में यहां क्यों कह रहे हैं? ..(व्यवधान)..

**श्री रामदेव भंडारी:** महाराष्ट्र में ..(व्यवधान)..

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** भंडारी जी, आप जरा बैठेंगे। ..(व्यवधान)..

**एक माननीय सदस्य:** महाराष्ट्र में ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Will you allow me to speak now? ...(*Interruptions*)...

सिकंदर बख्त साहब ने जो मुद्दा उठाया है उसके जवाब में सरकार की ओर से हमारे रेड्डी साहब खड़े हुए हैं, आप उनको तो सुन लीजिए।

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI S. JAIPAL REDDY): Madam, the position of the Government on this issue was made abundantly clear by the Prime Minister yesterday. The law of the land will come into operation. We decided yesterday that we would discuss this question in the House on Monday or Tuesday. All of you will have full opportunity to express your views. ...(*Interruptions*)...

SHRI SATISH AGARWAL: Whatever the Prime Minister has stated in the other House, we are aware of it. ...(*Interruptions*)... I just want to seek one clarification. ...(*Interruptions*)... We have read press reports where your Central Investigating Agency i.e., C.B.I. made a fervent appeal to the High Court. The Agency appealed, "Since the Chief Minister is tampering with the witnesses, we want to arrest him immediately". ...(*Interruptions*)... This is, an official statement before the House. The High

Court passed strictures that there are systematic moves from the treasury which are not only a crime against the State but also against the nation. ...(*Interruptions*)... That is the stricture of the High Court.

**श्री रामदेव भंडारी:** सीबीआई को प्रभावित करना चाहते हैं। ..(व्यवधान).. मामला कोर्ट में चल रहा है। कोर्ट को और सीबीआई को प्रभावित कर रहे हैं। ..(व्यवधान)..

SHRI SATISH AGARWAL: Mr. Minister, I wanted to know from you as to what the Central Government is doing? ...(*Interruptions*)... Why is the Government not giving a green signal? ...(*Interruptions*)... I am not, at the moment, asking you to explain regarding dismissal. I am only asking why the C.B.I. is not arresting the Chief Minister. The C.B.I., very eloquently, pleaded in the High Court that they wanted to arrest him immediately and they wanted to recover the amount. ...(*Interruptions*)...

**श्री रामदेव भंडारी:** महोदया, सीबीआई अपना काम कर रही है। मामला कोर्ट में लम्बित है। सीबीआई अरेस्ट करेगी या नहीं करेगी ..(व्यवधान)..

**श्री नागमणि:** मैडम, मेरी बात ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I have not allowed you. ...(*Interruptions*)... Will you please sit down ...(*Interruptions*)... Will you please sit down now ...(*Interruptions*)...

**श्री नागमणि:** मैडम, हमारी भी बात सुन लीजिए। ..(व्यवधान)..

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** आपकी बात जरूर सुनी जाएगी, लेकिन मैंने गुरूदास दासगुप्त जी को बोलने के लिए कह दिया है।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Madam, it is extremely unfortunate, rather I should call it a great tragedy for the Indian democracy, all that is happening in Bihar. It is extremely unfortunate. It is tragic. It is against all norms and standards so far as the Constitution of the country is concerned. I do not raise the question of propriety. The question is, if a person is found to be delinquent, if a chargesheet is issued against a person, he cannot be allowed to enjoy the governmental power which is being enjoyed by Mr. Laloo Prasad Yadav in Bihar. Let him face the court. But before facing the court, he must go out of office. He must relinquish his power because there is a constant danger, there is a constant apprehension, that this gentleman may use his constitutional power to tamper with the evidence or tamper with the process of law. And, if official power is utilised to pervert his constitutional position, it is against the law. Therefore, all sense of propriety called for his immediate resignation. Let him face the court of law. If he is cleared, he can very well come back. Madam, there is not a single precedent in the Indian history. Never before in India have we seen a person occupying the position of a Chief Minister and deliberately saying that he will never listen to any argument or reason. This is a flagrant violation. We, the country, the Parliament, shall be failing in our responsibility if we close our eyes to this dangerous development. I join all those decent Indians and join everybody else in the country who are demanding his immediate resignation. His resignation must take place immediately because if he has not resigned, there is likely to be a breakdown of law and order in Bihar. We cannot close our eyes to this.

**श्री एस०एस० अहलुवालिया** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदया। अभी कल सदन में ..(व्यवधान)..

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** आप एक-एक करके बोलिए। आप में से कोई एक खड़े हो जायेंगे तो मैं आपको बोलने का मौका दूंगी।

We are not discussing. They raised it. How can I stop it now? ...(*Interruptions*)...

**श्री एस०एस० अहलुवालिया:** महोदया, अभी कल ही हम लोगों ने जब पश्चिमी बंगाल के मुद्दे पर आवाज उठाई, उस वक्त प्रधान मंत्री महोदय ने बड़े साफ लफ्ज़ों

में कहा कि वह मेटर सब जुडिस है और इस मामले पर कुछ कार्रवाई नहीं की जा सकती। यह मामला भी बहुत दिनों से लम्बित है और सब-जुडिस है और अभी भी सब-जुडिस है। हम अपने सदन के माध्यम से इन्वेस्टीगेटिंग अथारिटीज को या ज्युडियशरी को यह मैसेज दें कि उसे गिरफ्तार करो या गिरफ्तारी का वारंट इश्यू करो। ..(व्यवधान)..

**प्रो॰ राम कापसे (महाराष्ट्र):** इस चीज का सवाल ही नहीं है। ..(व्यवधान)..

**श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया:** मैं बोल रहा हूं ..(व्यवधान).. मैं बोल रहा हूं। ..(व्यवधान).. I am not arguing with you. Please, do not disturb me ...(*Interruptions*)...

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Madam, the matter is in court. ...(*Interruptions*)...

**श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया:** मैडम, इंडियन जुरिसप्रुडंस जिस पर बेस करता है, हमारा इंडियन पीनल कोड, सी॰ आर॰ पी॰ सी॰ और इंडियन कंस्टिट्यूशंस, उस इंडियन जूरिसप्रुडंस का कहना है कि।

Until a man is found guilty, until the guilt is proved everybody is innocent ...(*Interruptions*)... Mr. Narendra Mohan ...(*Interruptions*)... I am not talking with you ...(*Interruptions*)... I am not talking with you; O.K. ...(*Interruptions*)... I don't want to give any wrong interpretation of the law. We are standing here or we are sitting here to discuss the matter, to protect the law, to preserve the law. Let the rule of law prevail. We are nobody to dictate terms to the Government or to the investigating agencies. ...(*Interruptions*)... Let the rule of law prevail. Let the rule of law prevail. We can't dictate terms. Shouting and slogans would not help. We can't dictate terms to the investigating agency and tell them to arrest somebody. ...(*Interruptions*)... We can't do that. We have taken oath in the name of the Constitution of India. Under the dome of democracy we can't kill the rule of law like this. ...(*Interruptions*)... Where is it written? ...(*Interruptions*)... Don't talk about all these things. ...(*Interruptions*)... If you want to abolish everything, you abolish Indian jurisprudence and do whatever you like. But, this House cannot bully any investigating agency and direct them to arrest somebody. ...(*Interruptions*)... Here is a judgement from the Supreme Court in the *St. Kitts* case. Here, it is clearly laid down that until all the provisions of the law are exhausted, nobody can be arrested. This shouting is not going to help. ...(*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Ahluwaliaji, will you conclude now? Please sit down. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... Mr. Ahluwaliaji. ...(*Interruptions*)... No. ...(*Interruptions*)... I am telling everybody. ...(*Interruptions*)... Mr. Ahluwaliaji. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAYANT MALHOTRA (Uttar Pradesh): Madam, this is perversion of the law. ...(*Interruptions*)...

SHRI S.S. AHLUWALIA: You don't know the Indian jurisprudence. You read that and then you come and argue with me. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Ahluwaliaji. ...(*Interruptions*)... Will you please sit down? ...(*Interruptions*)...

**श्री राम दास अग्रवाल (राजस्थान):** प्रजातंत्र को मजाक बनाया है। ...(व्यवधान)... यह क्या हो रहा है?

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): You please sit down, Ahluwaliaji.

**श्री राम दास अग्रवाल:** क्या कानून बदल गया है, क्या देश का संविधान बदल गया है? ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Agarwalji, will you please sit down? ...(*Interruptions*)...

श्री राम दास अग्रवालः महोदया, ...(व्यवधान)... यह इस तरह से ...(व्यवधान)... देश के कानूनों का, संविधान के साथ मजाक किया जा रहा है ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Will you please sit down, now? Will you please sit down? Ahluwaliaji, I have given you permission to speak, but it does not mean that you go on speaking and speaking and speaking. ...(*Interruptions*)... No please sit down ...(*Interruptions*)... Mr. Chavan. ...(*Interruptions*)...

SHRI S.B. CHAVAN (Maharashtra): In order to remove all the confusion which might be created by what my friend, Ahluwaliaji, has said, I would like to clarify the stand of the Congress Party in this respect. Madam, we will request the Chief Minister of Bihar that in view of his anticipatory bail application having been rejected, the only course left for him is that he should himself resign and should not create any constitutional deadlock.

SHRI S.S. AHLUWALIA: That is a separate issue.

SHRI S.B. CHAVAN: As the hon. Prime Minister has said, it is high time the Government also makes its stand absolutely clear. Merely because we are going to discuss this on Monday or Tuesday does not mean that no action need be taken. To say that since this matter is going to be discussed on the floor of the House, 'we are not going to take any action', would not be a correct stand. I think it is incumbent on the Government to make its position absolutely clear as to what they mean by saying: 'The law is going to take its own course'.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Thank you very much, Chavanji.

Now, before me, there are Zero Hour submissions. (*Interruptions*) देखिए, आप अगर चार लोग खड़े होंगे, चारों को परमिशन नहीं देंगे। अब सोमपाल जी बोलेंगे।

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त): सदर साहेबा, मैं इस इंतजार में था।

†[شری سکندر بخت: صدر صاحبہ میں اس انتظار میں تھا۔]

After the submission by Shri Chavan, I thought the Government would react and let us know as to what they really intend to do in this matter. This is what we have been weaiting for.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): Madam, before that, we should have an opportunity to express our views. (*Interruptions*)

Although we will be discussing this issue in detail on Tuesday, what is happening now is a kind of an appetizer of what will happen on Tuesday.

Now, there are two types of issues; not one.

One is: the criminal law of the country should apply, irrespective of the status of the person involved. The Minister has said that tho law would take its own course. The only thing we would like to have in the form of an assurance from the hon. Minister is that there should be no interference from the Government in regard to what is done on this issue.

The second issue is more important. It is a constitutional question. What happens if the Chief Minister is arrested? This is a very serious question, a mind-boggling question. Would the Government continue, with the Chief Minister in jail? Is it possible? If not, what are the courses open to us?

One course, one possibility, which is being suggested is the use of article 356. Personally, I am not in favour of this. Therefore, I would make this suggestion. I would request the colleagues of Shri Laloo Prasad Yadav to persuade him and spare us this agony of really doing something which is not proper

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

for the health of the country. He should resign and spare us the agony and pain which we are going through, which the country is going through. He should resign, in the interest of the country. I hope his colleagues would take this into account.

Having said this, I would like to have some reaction from the Government before the discussion takes place.

**श्री रामदास अग्रवाल:** बार,बार रिक्वेस्ट करने का क्या मतलब है। **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** अग्रवाल जी, आप सब लोग बोल चुके हैं **(व्यवधान)** आप सब लोग बोल चुके हैं **(व्यवधान)**

**श्री रामदास अग्रवाल:** रिज़ाइन करो, रिज़ाइन करो, बार बार क्यों कहा जा रहा है। **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** आप लोगों ने जब अपने विचारों को रखा तो किसी ने भी टोका-टोकी नहीं की। अब सोमपाल जी बोलना चाहते हैं तो उनको बोलने दीजिये। उनको भी सुन लीजिए। काहे के लिए आप बार बार खड़े हो रहे हैं।

**श्री सोमपाल** (उत्तर प्रदेश) उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं बहुत संक्षिप्त रूप में यही निवेदन करना चाहता हूं आपसे और पूरे सदन से कि इस देश का सारा काम किसी संविधान, विधान और प्रक्रिया से चलता है और इस सदन की भी कुछ प्रक्रिया और गरिमा है। आपने इतने दिनों से देखा होगा कि मैं जब भी कोई बोलता है तो उसके बीच में संभवतः किसी एकाध अपवाद को छोड़ कर टोका-टोकी नहीं करता। मैं अपने आप को जो कुछ अहलुवालिया जी ने कहा उसके साथ संबद्ध करते हुए कहना चाहता हूं कि यह मामला न्यायालय में लम्बित है और विधान की पूरी फ्लासाफी के अनुसार जब तक कोई भी व्यक्ति निर्विवाद रूप से अपराधी नहीं मान लिया जाता, उसको निर्दोष माना जाना चाहिए। रही बात...**(व्यवधान)** देखिये, चोर-वोर की बात जो आप कह रहे हैं, इसमें आप मत पड़िये, झंझट हो जाएगा। सब को पता है कि कौन कितना साथ है। **(व्यवधान)** चोर-वोर के चक्कर में मत पड़िये। **(व्यवधान)** अग्रवाल जी राजस्थान में आपका एक मंत्री सिर मुंडवा कर बैठा है **(व्यवधान)** एक भ्रष्ट उच्चतम अधिकारी का सेवा काल बढ़ाने के लिए **(व्यवधान)** आपका एक मंत्री श्री भाटी अपने मुख्य मंत्री के खिलाफ सिर मुंडवा कर बैठा है विधान सभा में। शर्म नहीं आती, क्या बात करते हैं आप। आप बात करते हैं। करवा लें इंक्वायरी सी०बी०आई० की ...**(व्यवधान)**

**श्री रामदास अग्रवाल:** करवाइए सी०बी०आई० की इंक्वायरी। **(व्यवधान)**

**श्री सोमपाल:** आप चोर की बात करते हैं। बैठ जाइए आप...**(व्यवधान)** उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप उन्हें निर्देश दीजिए कि वे बैठ जाएं...**(व्यवधान)** यह जो चोर-वोर की बात करते हैं यह तो सब पता है आपको। मत कहलवाइए हमसे। **(व्यवधान)**

**श्री रामदास अग्रवाल:** मैं आपसे सरक्षण चाहता हूं।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** देखिए, संरक्षण चाहते हैं वह ठीक है। लेकिन हमने उनको इजाजत दी है बोलने की तो उनको आप बोलने दीजिए...**(व्यवधान)**... आप उनके बाद बोलिएगा अगर बोलना है तो ...**(व्यवधान)**

**श्री रामदास अग्रवाल:** ये किस तरह से कह रहे हैं कि मुख्य मंत्री पर भाटी ने आरोप लगाया है **(व्यवधान)**

**श्री शिव चरण सिंह** (राजस्थान): अगर पुलिस की हथकड़ी वे नहीं डालना चाहते हैं तो अदालत में पेश करो **(व्यवधान)**

**श्री सोमपाल:** शिव चरण जी, सारी राजनीति को, संविधान को इन दारोगाओं और इंसपेक्टरों के हवाले मत कीजिये।

SHRI S.S. AHLUWALIA: This is very unfair, they don't allow people to express their views.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I am not allowing it. Please don't make allegations against the Chair, Mr. Ahluwalia. I am not allowing this. If you are behaving like this in the house, what will the Chair do? You are not prepared to listen to what the Chair is saying.

SHRI S.S. AHLUWALIA: How can we function?

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): You have to decide now about it.

SHRI S.S. AHLUWALIA: If we are not allowed to express our views here, where will we express our views?

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Everybody is speaking.

SHRI S.S. AHLUWALIA: We cannot convert this House into a howling chamber. We are converting this House into a howling chamber...*(Interrupions)*

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): When you spoke,nobody did any *toka-taki.* Now, Mr. Som Pal is speaking. Why should there be any *toka-taki* from that side? They should listen to him.

SHRI S.S. AHLUWALIA: They are suppressing his views.

**श्री सोमपाल:** उपसभाध्यक्ष जी, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह मामला न्यायालय में लम्बित है और न्यायालय जो भी इसमें निर्णय करेगा हम उसके अनुसार काम करेंगे ...**(व्यवधान)**

**श्री सिकंदर बख्त:** सोमपाल जी के भाषण के खत्म होने का इंतजार कर रहा हूं। आप आराम से खत्म करें। कोई नहीं बोलेगा। उसके बाद मुझे इंतजार गवर्नमेंट के रिएक्ट करने का है।

†[[illegible] شری سکندر بخت: سوم پال جی کے بھاشن کے ختم ہونے کا انتظار کر رہا ہوں۔ آپ آرام سے ختم کریں۔ کوئی نہیں بولے گا۔ اس کے بعد مجھے انتظار گورنمنٹ کے ری ایکٹ کرنے کا ہے۔]

That is my question. They must react to this and tell us what they intend to do.

[†]Transliteration in Arabic Script.

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** बख्त साहब, अगर आपके सारे मेम्बर्स बोलना चाहें तो कैसे हम सबको मौका दे सकते हैं। **(व्यवधान)**

**श्री सोमपाल:** मैं आभारी हूं उपसभाध्यक्ष महोदया प्रतिपक्ष के नेता का। यही सदन की गरिमा है कि जब तक एक वक्ता नहीं बोल ले दूसरे टोका-टोकी नहीं करें। इस गरिमा की स्थापना के लिए जो आपने दो शब्द कहे मैं पुनः आभार व्यक्त करता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि पूरी न्यायिक प्रक्रिया का जब तक निर्विवाद रूप से अंत नहीं होता, कोई कानून, कोई प्रावधान ऐसा नहीं है जिसके तहत आप यह मांग करें कि वह मुख्य मंत्री इस्तीफा दे। यह निर्णय उनके ऊपर छोड़ देना चाहिए। जहां तक रही हस्तक्षेप की बात-किसी भी अन्वेषणा में अब तक केन्द्रीय सरकार ने हस्तक्षेप नहीं किया है। यह बात बहुत दिनों से कही जाती है। बार-बार कहते हैं कि वे इसका यहां वचन दें। यह प्रामिस करें कि वे हस्तक्षेप नहीं करेंगे। वह किया ही नहीं है। तो बिना बात एक शंका प्रकट करना और बिना बात एक वितण्डावाद खड़ा करना, बिना बात निराधार और गैर जिम्मेदाराना आरोप लगाना कि आप चोर हैं, फलां है, ढिमका है—सब अपने अंदर झांकर देखें। आपका एक मंत्री सिर मुंडाए बैठा है। अखबार में छपा हुआ है। सार्वजनिक रूप से मंत्रिमंडल के अंदर बैठा हुआ है और किसी ने कोई प्रतिक्रिया—भारतीय जनता पार्टी की हाईकमान ने नहीं की। **(व्यवधान)** मैं यह कहना चाहता हूं कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जो कुछ हो रहा है जब तक उसकी अंतिम परिणति नहीं होती इस तरह की मांग करना केवल राजनीतिक दुर्भावना से ओत-प्रोत है। इसमें कुछ नहीं रखा है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आपने अपनी बात कह दी है और सरकार कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करना चाहे तो करे पर एक न्यायिक प्रक्रिया जब तक समाप्त नहीं हो जाती तब तक इसमें दखल देना ठीक नहीं। जब आप यह कहते हैं कि यह न्यायालय के विचाराधीन है, सबजूडिस्ड है तो क्या यह आपके लिए सबजूडिस्ड नहीं है रोज कही जाती हैं ये बातें **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** सोमपाल जी ...

**श्री सोमपाल:** क्या यह अवमानना का सवाल नहीं होता? **(व्यवधान)**

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** सोमपाल जी, आप संक्षेप में बोलिए। मंत्री जी को कुछ रिएक्ट करने का मौका दीजिए।

**श्री सोमपाल:** मैं अपनी बात समाप्त कर चुका हूं।

**श्री जलालुदीन अंसारी (बिहार):** मैडम, एक स्पष्टीकरण मैं मंत्री जी से पूछ लूं कि सी०बी०आई० लालू प्रसाद यादव की गिरफ्तारी का आदेश चाहती है लेकिन केन्द्र सरकार आदेश क्यों नहीं दे रही है? यह बताने का कृपया कष्ट करें।

[]شری جلال الدین انصاری : میڈم - ایک اسپشٹیکرن میں منتری جی سے پوچھ لوں کہ سی بی آئی لالو پرساد یادو کی گرفتاری کا آدیش چاہتی ہے - لیکن کیندر سرکار آدیش کیوں نہیں دے رہی ہے - یہ بتانے کا کرپیا کشٹ کریں -]

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI S. JAIPAL REDDY): Madam, we are going to have a full debate on Tuesday on the various dimensions, ramifications and implications of this vexed question. In the meantime, responding to the brief discussion we have had in the House during the last few minutes, I would like to state and reiterate with all the emphasis at my command that this Government will not and shall not interfere with the functioning of investigative agencies at all. I want to allay all apprehensions on this account.

The functioning of the C.B.I., as is reported in the Press, is proof positive, if proof were ever required of the independent working of the CBI. It is not for the Government to direct anybody to arrest A or B; it is for the investigating agencies to take a view in the matter. It is for the courts to take a view in the matter.

Chavan Sahib, Gurudas Gupta Ji and others have expressed some views in regard to the need for resigation of Mr. Laloo Prasad yadav. I do not disagree with them. But, that is a matter relating to propriety; that is a matter relating to political morality. the system is run on legality and the law will naturally prevail ultimately. Thank you.

**श्री सिकन्दर बख्त:** सदर साहिबा, मैं मिनिस्टर साहब से बहस का दफ्तर नहीं खोलना चाहता हूं। मुझे बहुत अफसोस है कि एक महकमा बराए राज सेंट्रल गवर्नमेंट के मातहत है, वह महकमा अपनी माजूरी जाहिर करता है। उस माजूरी के लिए वह तलाश कर रहा है कि कहां से ताकत मिले और वह अपना भरपूर काम कर सके। उस रूकावट का इलाज सिर्फ मरकजी सरकार के पास है। मैं बहस शुरू नहीं करना चाहता। जो आप का जवाब आया है, वह मौअद्‌दबाना अर्ज करूंगा कि निहायत लिंब है, आज की सिचुएशन को छूता नहीं है और मैं मजम्मती लफ्ज़ तो नहीं इस्तेमाल करना चाहता, लेकिन एतराज़ जाहिर करते हुए हम लोग वाक-आउट कर रहे हैं हाउस से।

**(इस के पश्चात् कुछ माननीय सदस्य सदन से उठकर चले गए)**

[]نیشا دروھی دل شری سکندر بخت: صدر صاحبہ - میں منسٹر صاحب سے بحث کا دفتر نہیں کھولنا چاہتا ہوں - مجھے بہت افسوس ہے کہ ایک محکمہ برائے راج سنٹرل گورنمنٹ کے ماتحت ہے وہ محکمہ اپنی معذوری ظاہر کرتا ہے اس معذوری کے لئے وہ تلاش کر رہا ہے کہ کہاں سے طاقت ملے اور وہ اپنا بھرپور کام کر سکے - اس رکاوٹ کا علاج صرف مرکزی سرکار کے پاس ہے - میں بحث نہیں شروع کرنا چاہتا - جو آپکا جواب آیا ہے وہ مؤدبانہ عرض کرونگا کہ نہایت ہی لمبا ہے آج کی سچویشن کو چھوتا

[]Transliteration in Arabic Script.

نہیں ہے اور مذمتی لفظ تو نہیں استعمال کرنا چاہتا ہوں لیکن اعتراض ظاہر کرتے ہوئے ہم لوگ واک آؤٹ کر رہے ہیں صاحبہ

]-ے

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: madam, I have one apprehension, The statement of the...

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): We had enough discussion on this. We are going to have a discussion on this on Tuesday also.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I have an apprehension that the office of the Chief Minister will be used to prevent the law from taking its own course. It is not a question of morality only.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Now, we take up Zero Hour submissions. Shri Narendra Mohan, Shri Dawa Lama, Shri Mohd. Azam Khan, Shri Anantray Dev Shanker Dave-Hon. Members absent.

They are really Zero Hour submissions.

---

## RE. LOSS OF LIFE AND PROPERTY DUE TO HEAVY RAINS AND FLOODS IN GUJARAT

**श्री अहमद पटेल (गुजरात)**—उपसभाध्यक्ष महोदया, पिछले महीने गुजरात में भारी बारिश हुई और उस की वजह से जो तबाही वहां हुई, मैं उस की ओर इस सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी और केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

महोदया, पूरे सीजन में गुजरात में जितनी बारिश होती है, महज चार दिनों में वहां 90 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हुई जिस कारण 100 से ज्यादा लोग गुजरात में मारे गए हैं, जीवन-व्यवहार ठप्प हो गया और सैकड़ों लोग बेघर और बेरोजगार हो गए। रेल और सड़कें बंद हो गयीं जिस की वजह से यातायात ठप्प हो गया। 50 से ज्यादा मार्ग बंद हो गए और करीबन् एक हजार करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान राज्य सरकार को हुआ। मैं मंत्री महोदय का आभारी हूं कि उन्होंने अपनी टीम के साथ गुजरात का दौरा किया। जो अफेक्टिड एरियाज़ है वहां विजिट की और उसके बाद कुछ फाइनेंशियल असिस्टेंस उन्होंने अनाउंस किया।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)**: रामदेव भंडारी जी, अगर आपको बात करनी हो तो आप लॉबी में जाकर बात करिए क्योंकि आ नरेबल मैम्बर कुछ बोल रहे हैं।

**श्री अहमद पटेल**: लेकिन आपके माध्यम से मैं मंत्री होदय और केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि जो नुकसान हुआ है वह बहुत भारी मात्रा में हुआ है, करीबन् एक हजार करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान वहां पर हुआ है। सड़कों की मरम्मत करानी है और उसमें काफी पैसे लग जाएंगे।

मैं मंत्री महोदय से और सैंट्रल गवर्नमेंट से अनुरोध करूंगा कि यद्यपि यह नेचुरल केलामिटी है लेकिन इसको नेशनल केलामिटी और वास्ट केलामिटी कंसीडर करके ज्यादा से ज्यादा फाइनेंशियल असिस्टेंस राज्य सरकार को दी जाए ताकि टूटी हुई सड़कों की मरम्मत हो सके और वहां के लोगों को भी कुछ फाइनेंशियल असिस्टेंस मिल सके।

**श्रीमती उर्मिलाबेन चिमनभाई पटेल (गुजरात)**: उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं अपने आपको इनके साथ सम्बद्ध करते हुए कहना चाहती हूं कि पानी से नुकसान बहुत हुआ है और वहां के खेतों में 4-4, 5-5 इंच रेत की परत जम गई है और जमीन इतनी खराब हो गई है कि उसके ऊपर कुछ खेती करना इस समय नामुमकिन है और यह हाल पूरे महसाना और सुरेन्द्र नगर डिस्ट्रिक्ट में है। तो खेतों से रेत को निकालने के लिए किसानों को कुछ मदद दी जाए, यह बहुत जरूरी है और जो वहां मकान है, गोदाम है, उनमें तीन-तीन, चार-चार, पांच-पांच फुट पानी भर गया है और जो उन्होंने उसमें फसल डम्प करके रखी थी, वह भीग गई है इसमें भी एक-एक गोदाम में दो-दो, तीन-तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। यह ऐसा एरिया नहीं था, जहां बाढ़ आए इसलिए उन्होंने इन्शोयोरेंस नहीं किया हुआ था। किसानों को वहां जितना नुकसान हुआ है, वह सहन करना मुश्किल है। तो इसके लिए और कोई स्टैप सोचकर उनको कुछ मदद, इन्डायरेक्ट हेल्प के रूप में, दी जाए। या तो उनको कोई स्पेशल लोन देकर बैंक की ओर से कुछ मदद मिले। ऐसा कुछ करना बहुत जरूरी है। सरकार इसके बारे में सोचे और इसका जो असर